प्रकरण संख्या 16/2024

अज अदालत – अपर कलक्टर मुकाम अजमेर

रेखा मोहनी बनाम सरकार

रामदेव गुर्जर Adv. | 2542 Ad | G.A.

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
9/5/25	उभयपक्ष के वकील उपस्थित। वकील अपीलांट ने आज भी संशोधित उत्तर पेश नहीं किया है। अब उन्हें इस हेतु अंतिम अवसर दिया जाता है। वे आगामी तारीख पेशी पर आवश्यक रूप से संशोधित उत्तर पेश करें। अन्यथा प्रकरण में नियमानुसार प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी। पत्रावली दस्ते संशोधित उत्तर दिनांक 15/5/25 को पेश हो। (ज्योति ककवानी) अपर कलक्टर अजमेर	
15.5.25	उभयपक्ष/प्रार्थी/अप्रार्थी उपस्थित। बार ऐसोसिऐशन हड़ताल कार्य स्थगित रखे जाने से पत्रावली पूर्ववत कार्यवाही हेतु दिनांक 23.5.25 को पेश हो। (ज्योति ककवानी) अपर कलक्टर अजमेर	
23/5/25	उभयपक्ष के वकील उपस्थित। वकील अपीलांट को दिनांक 30/10/24 से दिनांक 1/4/25 तक 8 अवसर देने एवं दिनांक 9/5/25 को अंतिम अवसर प्रदान करने के उपरांत आज भी संशोधित उत्तर पेश नहीं किया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट अदम पालना/अदम तअकीब में खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से खारिज हो। (ज्योति ककवानी) अपर कलक्टर अजमेर	